विषय कोड : 
Subject Code : **106**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION

## 2021 – (ANNUAL)

## SIL - HINDI ( NLH )

## द्वितीय भारतीय भाषा - हिन्दी

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**I**

106-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

SEEMANCHAL ACADEMY

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 32
**Total No. of Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



WWW.SEEMANCHALACADEMY.COM

SEEMANCHAL ACADEMY

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. 'तू जिन्दा है तो ....' कविता में कवि क्या गुजर जाने की बात कहते हैं ?

   (A) गीत-संगीत (B) कष्ट और जुल्म

   (C) नाच-गाना (D) सुबह और शाम

2. 'कर्मवीर' शीर्षक कविता में कौन परिश्रम करने में जी नहीं चुराता है ?

   (A) धर्मवीर (B) दानवीर

   (C) महावीर (D) कर्मवीर

3. "बड़े न हूजै गुनन बिनु, बिरद बड़ाई पाय । कहत धतूरे सो कनक, गहनो गढ़यो न जाय ।।" – किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?

   (A) कबीर के पद (B) बच्चे की दुआ

   (C) बिहारी के दोहे (D) तू ज़िन्दा है तो .....



WWW.SEEMANCHALACADEMY.COM

4. 'कनक' शब्द का प्रयोग किन-किन अर्थों में बिहारी के दोहे में किया गया है ?

(A) हीरा और मोती (B) धतूरा और सोना

(C) पत्थर और कोयला (D) लोहा और ताँवा

5. दर्दमंद और वंचितों की हिफ़ाज़त का संकल्प किस शीर्षक कविता में किया गया है ?

(A) कर्मवीर (B) सुदामा चरित

(C) बच्चे की दुआ (D) पीपल

6. कबीर के पदों की महत्ता इस अर्थ में खासतौर पर उल्लेखनीय है कि उनका भाव बोध न सिर्फ तत्कालीन समय से जुड़ता है, बल्कि उनकी उपादेयता यथावत है ......

(A) समकालीन समय में भी (B) पूर्वकाल में भी

(C) मध्यकाल में भी (D) आदिकाल में भी

7. 'पीपल' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(A) शंकर शैलेन्द्र (B) अरुण कमल

(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) नरोत्तमदास

8. कौन कविता वंचित लोगों के समृद्ध अवदान की संवेदनशीलता को रेखांकित करती है ?

(A) झाँसी की रानी
(B) बिहारी के दोहे
(C) पीपल
(D) खुशबू रचते हैं हाथ

9. किसे वीर शिवाजी की कहानियाँ जबानी याद थीं ?

(A) लक्ष्मीबाई को
(B) दुर्गाबाई को
(C) अहिल्याबाई को
(D) शकुंतलाबाई को

10. 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता में सुदामा जी पत्नी द्वारा दी हुई चावल की पोटली को कहाँ छिपा रखे थे ?

(A) पैकेट में
(B) काँख में
(C) झोला में
(D) चटाई में

11. 'खानदान' शब्द का विशेषण है

(A) खानदानी
(B) ख्यात
(C) खंडित
(D) खजूरी

12. 'रोगग्रस्त' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) द्विगु
(D) द्वन्द्व

13. 'नौका' शब्द का पर्यायवाची है

(A) नाव (B) रम्य

(C) गण (D) पयोद

14. 'कान में तेल डालना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(A) ध्यान देना (B) होशियार होना

(C) कुछ न सुनना (D) सावधान करना

15. 'शकुन' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) सिक्त (B) सुशकुन

(C) नुशकुन (D) अपशकुन

16. 'ऊँट के मुँह में जीरा' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) वहुत थोड़ा (B) ऊँट के मुँह में बीमारी होना

(C) ऊँट को जीरा खिलाना (D) पेट भरना

17. 'जानने की इच्छा' के लिए एक शब्द है

(A) साक्षर (B) जिज्ञासा

(C) जानकार (D) ऐच्छिक

18. 'चरणकमल' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय
(B) अव्ययीभाव
(C) द्वन्द्व
(D) द्विगु

19. 'ओष्ठ' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

20. 'शिव' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) शिवी
(B) शिविक
(C) शैव
(D) शिवु

21. 'च' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) मूर्द्धा
(C) तालु
(D) दंत

22. 'महर्षि' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) महा + ऋषि
(B) म + हर्षि
(C) मह + र्षि
(D) मह + ऋषि

23. निम्न में अशुद्ध शब्द है

(A) राजनैतिक (B) महत्व

(C) प्रादेशिक (D) व्यवसाइक

24. 'सर्दी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) भाववाचक

(C) द्रव्यवाचक (D) जातिवाचक

25. 'मार्ग' शब्द का लिंग निर्णय करें

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

26. 'वह जन्म का भिखारी है' – इस वाक्य में 'का' किस कारक की विभक्ति है ?

(A) संवंध कारक (B) अधिकरण कारक

(C) संप्रदान कारक (D) करण कारक

27. 'कौन रो रहा है' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) संवंधवाचक (B) पुरुषवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) निजवाचक

28. 'वह जाएगा' किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल
(B) वर्तमानकाल
(C) भविष्यतकाल
(D) सामान्य वर्तमान काल

29. 'तनु' शब्द में प्रत्यय है

(A) नु
(B) उ
(C) नू
(D) ऊ

30. 'अपढ़' शब्द में उपसर्ग है

(A) अप
(B) अ
(C) अप्
(D) अ्

31. 'ईदगाह' शीर्षक कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) फणीश्वर नाथ 'रेणु'
(B) अंयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(C) रामधारी सिंह दिनकर
(D) प्रेमचन्द

32. 'बालगोबिन भगत' पुत्र की मृत्यु के बाद पतोहू को रोने के बदले क्या करने को कहते हैं ?

(A) खुशी मनाने को
(B) नाचने को
(C) गाने को
(D) उत्सव मनाने को

33. 'दानी दान करता है तो गुमान करता है; पर युग-युग से न जाने कितना पानी यह पहाड़ दान कर चुका, पर इसको कोई अभिमान नहीं है' – किस पाठ से सम्बन्धित है ?

(A) दीनबन्धु निराला
(B) हुंडरू का जलप्रपात
(C) चिकित्सा का चक्कर
(D) ईदगाह

34. 'हुंडरू का जलप्रताप' शीर्षक पाठ साहित्य की कौन विधा है ?

(A) संस्मरण
(B) यात्रा वृत्तांत
(C) शब्द चित्र
(D) कहानी

35. 'ठेस' शीर्षक कहानी में सिरचन क्या था ?

(A) कामचोर था
(B) वकील था
(C) चिकित्सक था
(D) कारीगर था

36. 'अशोक का शस्त्र-त्याग' शीर्षक पाठ में किसने कहा 'जब तक मेरे शरीर में प्राण रहेंगे अहिंसा ही मेरा धर्म होगा' ?

(A) पद्मा ने
(B) कलिंग महाराज ने
(C) सम्राट अशोक ने
(D) गुप्तचर ने

37. 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में कहा गया है – 'जिसे किसी प्रचंड चिंता ने पकड़ लिया है, उस बेचारे की जिंदगी ही ..................

(A) बदल जाती है (B) उन्नत हो जाती है

(C) खराब हो जाती है (D) सुखी हो जाती है

38. सही-संतुलित जीवन के प्रति एक दृष्टिकोण विकसित करने की सीख किस शीर्षक पाठ में मिलती है ?

(A) बालगोबिन भगत (B) चिकित्सा का चक्कर

(C) विक्रमशिला (D) ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से

39. 'भिक्षु वर्ग' में रहने के बाद आचार्य क्या मानकर शिष्य को बौद्ध सिद्धांतों से परिचित कराते थे ?

(A) दास मानकर (B) पुत्रवत मानकर

(C) आम आदमी मानकर (D) अनुज मानकर

40. 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ में किसके जादू के करिश्मे को देख संजू मचल गई ?

(A) दीदी के (B) विमला के

(C) नीलू के (D) अंजू के

41. चिंता को लोग क्या कहते हैं ?

(A) चिता
(B) क्रन्दन
(C) चिंतन
(D) रुदन

42. 'बाजार की मक्खियों को छोड़कर एकान्त की ओर भागो' – यह किसने कहा ?

(A) दयानन्द ने
(B) नीत्से ने
(C) महात्मा गाँधी ने
(D) विवेकानन्द ने

43. ईश्वर या अल्लाह को बाहर ढूंढ़ने की जगह उसका अपने भीतर ही साक्षात्कार की बात किसने कही है ?

(A) रहीम ने
(B) कबीरदास ने
(C) शंकर शैलेन्द्र ने
(D) अरुण कमल ने

44. प्राचीन काल में 'अंग महाजनपद' के नाम से लोकप्रिय था

(A) वैशाली
(B) मुंगेर
(C) भागलपुर
(D) मगध

45. माँ को मलेरिया हो जाने पर, खाना किसने बनाया ?

(A) दीदी ने
(B) भैया ने
(C) संजू ने
(D) नीलू ने

46. 'च' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) तालु

47. 'महीन्द्र' का संधि-विच्छेद है

(A) मही + इन्द्र
(B) महा + इन्द्र
(C) महीन + द्र
(D) मह + इन्द्र

48. निम्न में अशुद्ध शब्द कौन है ?

(A) अनुशरण
(B) स्थान
(C) कैलाश
(D) इकट्ठा

49. 'गंगा' कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

50. 'मित्र' शब्द का लिंग-निर्णय करें

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

51. 'दया' का विशेषण है

(A) दयानी
(B) दयाविनी
(C) दायायी
(D) दयालु

52. 'यथार्थ' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव
(B) तत्पुरुष
(C) कर्मधारय
(D) बहुव्रीहि

53. 'जमीन पर लोटते हुए चिल्लाया' – वाक्य कौन पदबंध का उदाहरण है ?

(A) क्रिया-पदबंध
(B) क्रियाविशेषण-पदवंध
(C) संज्ञा-पदबंध
(D) विशेषण-पदबंध

54. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) वाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है
(B) वह गीत की दो-चार लड़ियाँ गाती है
(C) पुलाव बहुत लजीज है
(D) आपका भवदीय

55. निम्न में मिश्रवाक्य है

(A) परिश्रमी छात्र अवश्य सफल होंगे
(B) जो छात्र परिश्रम करेंगे, उन्हें अवश्य सफलता मिलेगी
(C) उसने परिश्रम किया और इसीलिए वह परीक्षा में सफल हो सका
(D) क्या कभी परिश्रम के बिना भी छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं

56. 'पुत्री' का पर्यायवाची है

(A) आत्मज (B) तनुज

(C) तनय (D) बेटी

57. 'अवनति' शब्द का विलोम है

(A) उन्नति (B) प्रगति

(C) सहमति (D) नवनति

58. 'खाने की इच्छा' – का एक शब्द है

(A) लिप्सा (B) बुभुक्षा

(C) खानेच्छा (D) खानाक्षा

59. 'मुँह उतरना' मुहावरे का अर्थ है

(A) मुँह धोना (B) प्रत्यक्ष होना

(C) उदास होना (D) लज्जित होना

60. 'उद्गम' का सही संधि-विच्छेद है

(A) उद + गम (B) उद् + गम

(C) उ + द्गम (D) उत् + गम

61. 'तू जिन्दा है तो' कविता के लेखक हैं

(A) गोपाल सिंह नेपाली
(B) शंकर शैलेन्द्र
(C) अरुण कमल
(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

62. 'ईदगाह' कहानी किसकी परिस्थितियों पर मार्मिक ढंग से टिप्पणी करती है ?

(A) युवावस्था की परिस्थितियों पर
(B) लड़कपन की परिस्थितियों पर
(C) बचपन की परिस्थितियों पर
(D) बुढ़ापे की परिस्थितियों पर

63. 'आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) बिहारी के दोहे
(B) बच्चे की दुआ
(C) कर्मवीर
(D) पीपल

64. जब जाड़ा आता था, तो बालगोबिन भगत क्या ओढ़े रहते थे ?

(A) उजली कमली
(B) हरी कमली
(C) नीली कमली
(D) काली कमली

65. गर्मियों में किनकी 'संझा' उमस भरी शाम को भी शीतल कर देती थी ?

(A) बालगोबिन भगत की
(B) भिखारी की
(C) महात्मा की
(D) पुजारी की

66. 'अबरक और कोयला खदानों' का वर्णन किस पाठ में किया गया है ?

(A) हुंडरू का जलप्रपात
(B) ठेस
(C) विक्रमशिला
(D) अशोक का शस्त्र-त्याग

67. 'स्वर्णरेखा नदी' राँची, धनबाद, सिंहभूम एवं बालासोर जिलों से होकर कहाँ गिरती है ?

(A) सागर में
(B) महासागर में
(C) बंगाल की खाड़ी में
(D) गुफा में

68. 'बिहारी के दोहे' में कितने तरह के दोहे शामिल हैं ?

(A) दो तरह के
(B) तीन तरह के
(C) चार तरह के
(D) पाँच तरह के

69. खेती-बारी के समय गाँव के किसान किसकी गिनती नहीं करते थे ?

(A) हरचरन की
(B) सिरचन की
(C) भुखन की
(D) शिवलोचन की

70. 'तुम्हारी भाभी नाखून से खाँटकर तरकारी परोसती हैं' – किसने कहा ?

(A) मानू ने
(B) बड़ी भाभी ने
(C) सिरचन ने
(D) चाची ने

71. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक कौन हैं ?

(A) वीरेन्द्र प्रसाद
(B) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र
(C) धीरेन्द्र प्रसाद
(D) सीताराम प्रसाद

72. 'तुम डरना नहीं अम्मा, मैं सबसे पहले आऊँगा । 'बिलकुल न डरना' – यह किसने कहा ?

(A) महमूद
(B) मोहसिन
(C) नूरे
(D) हामिद

73. गाँव पहुँचकर बच्चों ने क्या किया ?

(A) नाच किया
(B) गाना बजाया
(C) झगड़ा किया
(D) अपने-अपने खिलौने से खेला

74. 'काम को आरंभ करके यों नहीं जो छोड़ते' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) पीपल
(B) सुदामा चरित
(C) राह भटके हिरण के बच्चे को
(D) कर्मवीर

75. हामिद के पिता की मृत्यु कैसे हुई ?

(A) मलेरिया के कारण
(B) तपेदिक के कारण
(C) हैजा के कारण
(D) चेचक के कारण

76. पुत्र की मृत्यु होने पर बालगोबिन भगत क्या कर रहे थे ?

(A) गा रहे थे
(B) रो रहे थे
(C) उदास थे
(D) नाच रहे थे

77. बालगोबिन भगत ने पतोहू को किसके साथ भेज दिया ?

(A) भाई के साथ
(B) पिता के साथ
(C) बहन के साथ
(D) चाचा के साथ

78. 'आज नेनू मथ रही थी, तो तुम्हारी याद आई' – किसने कहा ?

(A) लेखक की माँ
(B) लेखक की दादी
(C) मानू दीदी
(D) काकी

79. अशोक और सभी सरदार कैसे वस्त्र धारण किए हुए हैं ?

(A) हरा (B) नीला

(C) उजला (D) पीला

80. किनके विभव की वृद्धि से वकील साहब का कलेजा जलता है ?

(A) पत्नी की (B) दोस्त की

(C) बीमा एजेंट की (D) भाई की

81. 'महाशय' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?

(A) महाशयी (B) महाशया

(C) महाशियी (D) महाशिनी

82. सर्वनाम उस विकारी शब्द को कहते हैं, जो

(A) विशेषण के बदले आता है (B) क्रिया के बदले आता है

(C) संज्ञा के बदले आता है (D) कारक के बदले आता है

83. मुझे अपनी कमाई से खाना मिलता है । इस वाक्य में 'से' किस कारक का चिह्न है ?

(A) करण

(B) सम्प्रदान

(C) अपादान

(D) अधिकरण

84. वाक्य से अलग रहनेवाले को कहते हैं

(A) पद

(B) वर्ण

(C) वाक्य

(D) शब्द

85. 'आप भला, तो जग भला' – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक

(B) संबंधवाचक

(C) निजवाचक

(D) प्रश्नवाचक

86. 'जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए', उसे क्या कहते हैं ?

(A) विशेषण

(B) कर्म

(C) क्रिया

(D) कर्त्ता

87. 'लड़का आया था' – उदाहरण है

(A) वर्तमानकाल का
(B) भविष्यतकाल का
(C) भूतकाल का
(D) तात्कालिक वर्तमान का

88. 'खर्पर' शब्द है

(A) तत्सम
(B) तद्भव
(C) देशज
(D) विदेशज

89. 'अपमान' शब्द में उपसर्ग है

(A) अ
(B) अप
(C) अप्
(D) अपमा

90. 'गानेवाला' शब्द में प्रत्यय है

(A) ला
(B) नेवाला
(C) वाला
(D) आ

91. 'जिन्दगी हो मेरी परवाने की सूरत या-रब' पंक्ति किस कविता से है ?

(A) 'बच्चे की दुआ' से
(B) 'कबीर के पद' से
(C) 'खुशबू रचते हैं हाथ' से
(D) 'झाँसी की रानी' से

92. जयप्रकाश नारायण द्वारा गठित "आजाद दस्ता" के सक्रिय सदस्य कौन थे ?

(A) गोकुल ठाकुर
(B) जननायक कर्पूरी ठाकुर
(C) रामदुलारी देवी
(D) फुलेसरी देवी

93. गिरफ्तारी के बाद कर्पूरी ठाकुर को किस जेल में डाला गया ?

(A) पटना जेल में
(B) आरा जेल में
(C) दरभंगा जेल में
(D) बक्सर जेल में

94. 'झाँसी की रानी' कविता किससे हमारा ओजपूर्ण साक्षात्कार कराती है ?

(A) गुलामी से
(B) जीवन वृत्त, संघर्ष और विद्रोह से
(C) बहादुरी से
(D) आजादी से

95. 'घायल होकर गिरी सिंहनी उसे वीर गति पानी थी' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) झाँसी की रानी
(B) तू ज़िन्दा है तो .....
(C) खुशबू रचते हैं हाथ
(D) कर्मवीर

96. लेखक बेढब बनारसी ने कितने रसगुल्ले खाए ?

(A) दो
(B) चार
(C) छह
(D) आठ

97. लेखक बेढब बनारसी को कितने बजे नींद खुली ?

(A) दो बजे दिन को
(B) बारह बजे रात को
(C) तीन बजे रात को
(D) छह बजे सुबह को

98. कृष्ण जी के बाल-सखा सुदामा जी क्या करते थे ?

(A) भिक्षा माँगकर भोजन करते थे
(B) फैक्ट्री में काम करते थे
(C) दुकानदार थे
(D) किसान थे

99. 'आगे चना गुरु मात दिये, ते लये तुम चाबि, हमें नहिं दीने' – यह उक्ति किसकी है ?

(A) कृष्ण की
(B) सुदामा की
(C) द्वारपाल की
(D) गुरु की

100. 'राह भटके हिरन के बच्चे को' शीर्षक कविता में राह कौन भटक गया है ?

(A) मनुष्य
(B) नन्हा हिरन
(C) गाय
(D) भैंस

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5 × 2 = 10

(क) आत्मनिर्भरता प्रगति की आधारशिला है और आत्मविश्वास का मूल है । जो व्यक्ति समाज में सारे कार्य स्वयं करता है, जरूरत पड़ने पर दूसरों की सहायता करता है, वह उन्नति की दौड़ में सबसे आगे रहता है । अपने दैनिक जीवन के सारे कार्य स्वयं ही करना मनुष्य के लिए अत्यावश्यक है । अपने कार्य के लिए दूसरे पर निर्भर रहने वाला व्यक्ति उन्नति नहीं कर सकता । सौंपे गए कार्य को पुनीत दायित्व समझकर करना चाहिए, इससे व्यक्ति स्वावलम्बी बनता है । स्वावलम्बी व्यक्ति सिंह के समान परिश्रमी होता है एवं सामाजिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होता है । उसे धन की कमी नहीं रहती । वह अपनी ही भुजाओं से सारी सुख-सुविधाओं को जुटाने में सक्षम होता है ।

(i) व्यक्ति की प्रगति की आधारशिला क्या है ?

(ii) उन्नति की दौड़ में सबसे आगे कौन रहता है ?

(iii) व्यक्ति आत्मनिर्भर कब बनता है ?

(iv) सामाजिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ कौन होता है ?

(v) अपनी भुजाओं से सुख-सुविधाएँ जुटाने में कौन सक्षम होता है ?

(ख) प्रेमचन्द को हिन्दी जगत में कथा-सम्राट के नाम से जाना जाता है । उन्होंने हिन्दी कहानी को नयी दिशा एवं दशा प्रदान की । उनकी दृष्टि समाज-सापेक्ष थी । वे सामान्य जन के दुःखों व समस्याओं को गंभीरता से समझते थे। उनकी कहानियों में ग्राम्य जीवन तथा संस्कृति की विशिष्ट छाप मिलती है। उनका विचार था कि भारत का विशाल जन समूह गाँवों में निवास करता है । अतः उनके जीवन को समझकर उसे अभिव्यक्त करना आवश्यक है । प्रेमचंद की कहानियों की सूची लम्बी है, जिनकी संख्या तीन सौ से ऊपर है । ये कहानियाँ 'मानसरोवर' में संकलित हैं । कहानियों के अतिरिक्त इन्होंने उपन्यास, नाटक, निबंध आदि विधाओं में भी उत्कृष्ट साहित्य दिया । इनकी रचनाओं में आदर्श और यथार्थ तो हैं ही, पारिवारिक संबंध, नई ग्रामीण-संस्कृति में पंचों की भूमिका के साथ गाँधीवाद का पुट लिए झलकती है ।

(i) प्रेमचन्द की कहानियों में किसकी छाप मिलती है ?

(ii) प्रेमचन्द की कहानियों की संख्या कितनी है ?

(iii) कहानी के अतिरिक्त प्रेमचन्द ने और क्या-क्या लिखा ?

(iv) प्रेमचन्द की कहानियाँ कहाँ संकलित हैं ?

(v) प्रेमचन्द की रचनाओं की विशेषता क्या है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा । 5 × 2 = 10

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म काशी के एक धनाढ्य परिवार में 9 सितम्बर, 1850 ई० को हुआ था । भारतेन्दु का पैतृक परिवार काशी का एक प्रसिद्ध सेठ परिवार था । देशभक्त साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का संबंध इतिहास विख्यात अमीचन्द्र घराने से है । अंग्रेजों ने अपरिचित देश में आंतरिक व्यापार बढ़ाने के लिए इन्हीं अमीचन्द्र पर पहले पहल विश्वास किया था और इन्हीं के सहयोग से गाँव-गाँव में दादनी बाँटकर कपास और कपड़े क्रय करते थे । अमीचन्द्र उस व्यापारी वर्ग से थे जिसकी आमदनी अंग्रेजों के लूट खसोट से जुड़ी हुई थी । जैसे कीचड़ में कमल खिलता है, वैसे ही इस अंग्रेज भक्त महाजन परिवार में पार्वती देवी के गर्भ से गोपालचन्द्र के पुत्र के रूप में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म हुआ था । हरिश्चन्द्र पाँच वर्ष की अवस्था में मातृहीन और दस वर्ष की अवस्था में पितृहीन हो गए ।

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म कव हुआ था ?

(ii) भारतेन्दु का परिवार क्या था ?

(iii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का संवंध किस घराने से है ?

(iv) अंग्रेजों ने सवसे पहले किस पर विश्वास किया था ?

(v) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की माता की मृत्यु कव हुई ?

(ख) द्विवेदी युग में हरिऔध जी का दूसरा उपन्यास 'अधखिला फूल' 1907 ई० में प्रकाशित हुआ । यह उपन्यास सामाजिक उपन्यासों की श्रेणी में आता है । यह उपन्यास अपने विषय की अपेक्षा अपनी भाषा के कारण विशेष रूप से उल्लेखनीय है । इस उपन्यास में नारी-जीवन की समस्याओं का अंकन है । लेखक के अनुसार नारी मानवी है इसलिए उसमें दुर्बलताओं का निवास स्वाभाविक है । दुर्बलता पर विजय केवल सतीत्व की ढाल से ही संभव है, इन दुर्बलताओं पर विजय पाकर नारी 'देवी' बन जाती है । तब समस्त सिद्धियाँ उसका अनुकरण करती हैं । ऐसी देवी देश और समाज का कल्याण कर सकती हैं । कहने की आवश्यकता नहीं कि प्रियप्रवास की राधा भी ऐसी ही एक देवी हैं ।

(i) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध का दूसरा उपन्यास 'अधखिला फूल' कब प्रकाशित हुआ ?

(ii) 'अधखिला फूल' उपन्यास किस कारण उल्लेखनीय है ?

(iii) इस उपन्यास में किन समस्याओं का अंकन किया गया है ?

(iv) दुर्बलता पर विजय कैसे संभव है ?

(v) नारी कब 'देवी' बन जाती है ?

SEEMANCHAL ACADEMY

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग **250 - 300** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) एक भारत श्रेष्ठ भारत

(i) भूमिका

(ii) एकता का महत्व

(iii) श्रेष्ठ होने के कारण

(iv) उपसंहार ।

(ख) मनपसन्द खेल : फुटबॉल

(i) भूमिका

(ii) तैयारी

(iii) दृश्य

(iv) उपसंहार ।

(ग) हमारा विद्यालय

(i) प्रारम्भ

(ii) शिक्षण-व्यवस्था

(iii) पाठ्यक्रमेतर कार्य

(iv) उपसंहार ।

(घ) पुस्तकालय

(i) भूमिका

(ii) महत्व

(iii) प्रकार

(iv) लाभ

(v) उपसंहार ।

(ङ) बाल मजदूरी

(i) भूमिका

(ii) कारण

(iii) लाभ-हानि

(iv) उपसंहार ।

4. अपने मुहल्ले के पोस्टमैन की कार्यशैली पर आक्षेप करते हुए पोस्टमास्टर को शिकायती पत्र लिखिए । $1 \times 5 = 5$

**अथवा**

दो छात्रों के बीच परीक्षा की तैयारी को लेकर संवाद लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक का लगभग **20 - 30** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5 × 2 = 10

(क) 'ईदगाह' कहानी के अनुसार दुकानों में किस-किस तरह के खिलौने थे ?

(ख) बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की ?

(ग) ईर्ष्यालु से बचने का क्या उपाय है ?

(घ) गुरु के यहाँ की किस बात की याद श्रीकृष्ण ने सुदामा को दिलाई ?

(ङ) "हुई वीरता की वैभव के साथ सगाई झाँसी में" इस पंक्ति में वीरता और वैभव का संकेत किस-किस की ओर है ?

(च) कर्पूरी ठाकुर को कौन-कौन कार्य करने में आनन्द मिलता था ?

(छ) 'हौसले की उड़ान' पाठ के अनुसार जैनब खानम का परिचय दें ।

(ज) खेमा द्वारा चप्पल की माँग करने पर कसारा ने बेरूखी क्यों दिखाई ?

(झ) कर्पूरी ठाकुर को मैट्रिक के बाद उच्च शिक्षा के लिए कहाँ और किस प्रकार जाना पड़ता था ?

(ञ) सगुण भक्तिधारा और निर्गुण भक्तिधारा किसे कहते हैं ?

SEEMANCHAL ACADEMY

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लगभग **100** शब्दों में दें : 1 × 5 = 5

(क) सिरचन चिक और शीतलपाटी स्टेशन पर ले जाकर मानू को देता है । इससे उसकी किस विशेषता का पता चलता है ?

(ख) निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ लिखिए :

"कानन का यह तरुवर पीपल

युग-युग से जग में अचल, अटल

ऊपर विस्तृत नभ नील-नील नीचे वसुधा में

नदी, झील

जामुन, तमाल, इमली, करील

जल से ऊपर उठता मृणाल फुनगी पर खिलता कमल लाल

तिर-तिर करते क्रीड़ा मराल ।"

WWW.SEEMANCHALACADEMY.COM